# LOK SABHA DEBATES

(Part I — Proceedings with Questions and Answers)

*The House met at Eleven of the Clock*

Monday, February 09, 2026 / Magha 20, 1947 (Saka)

## HON'BLE SPEAKER

**Shri Om Birla**

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri N. K. Premachandran

Shri Jagdambika Pal

Shri P. C. Mohan

Shrimati Sandhya Ray

Shri Dilip Saikia

Kumari Selja

Shri Raja A.

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

Shri Krishna Prasad Tenneti

Shri Awadhesh Prasad

# LOK SABHA DEBATES

## PART I – QUESTIONS AND ANSWERS

**Monday, February 09, 2026 / Magha 20, 1947 (Saka)**

CONTENTS PAGES


| | |
|---|---|
| CONGRATULATIONS TO INDIA UNDER - 19 CRICKET TEAM ON WINNING WORLD CUP | 1 |
| ORAL ANSWER TO STARRED QUESTION (S.Q. NO. 121) | 1A – 30 |
| WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS (S.Q. NO. 122 – 140) | 31 – 50 |
| WRITTEN ANSWERS TO UNSTARRED QUESTIONS (U.S.Q. NO. 1381 – 1558, 1560 – 1581, 1583 – 1607, 1609, 1610) | 51 – 280 |

**Uncorrected – Not for Publication** **LSS-D-II**

सत्यमेव जयते

# LOK SABHA DEBATES

**(Part II - Proceedings other than Questions and Answers)**

**Monday, February 09, 2026 / Magha 20, 1947 (Saka)**

# LOK SABHA DEBATES

## PART II – PROCEEDINGS OTHER THAN QUESTIONS AND ANSWERS

*Monday, February 09, 2026 / Magha 20, 1947 (Saka)*

**C ON T E N T S** **P A G E S**


| | |
|---|---|
| RULING RE: NOTICES OF ADJOURNMENT MOTION | 281 |
| PAPERS LAID ON THE TABLE | 281 - 92 & 309 - 10 |
| MATTERS UNDER RULE 377 – LAID | 293 - 308 |
| Shri Ananta Nayak | 293 |
| Shri Ganesh Singh | 294 |
| Shri Jashubhai Bhilubhai Rathva | 294 |
| Shir Ashish Dubey | 295 |
| Dr. Rajesh Mishra | 295 |
| Shri Anup Sanjay Dhotre | 296 |
| Shri Pratap Chandra Sarangi | 296 |
| Shrimati Anita Subhadarshini | 297 |
| Shrimati Smita Uday Wagh | 297 |
| Shrimati Bharti Pardhi | 298 |
| Shri Anurag Singh Thakur | 298 |
| Shri K. C. Venugopal | 299 |
| Shri Manoj Kumar | 299 |
| Shri Kodikunnil Suresh | 300 |
| Dr. Mallu Ravi | 300 |
| Shri Benny Behanan | 301 |

| | |
|---|---|
| **Shri Pushpendra Saroj** | **302** |
| **Shri Naresh Chandra Uttam Patel** | **302** |
| **Shri Kirti Azad** | **303** |
| **Dr. Sharmila Sarkar** | **304** |
| **Dr. Ganapathy Rajkumar P.** | **305** |
| **Shri Appalanaidu Kalisetti** | **306** |
| **Shri Kaushalendra Kumar** | **306** |
| **Shri Y. S. Avinash Reddy** | **307** |
| **Shri Amra Ram** | **307** |
| **Shri Mohmad Haneefa** | **308** |
| **…** | **311 - 16** |

**xxxx**

(1100/NK/GTJ)
1100 बजे

(माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

**भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम को विश्व कप जीतने पर बधाई**

**माननीय अध्यक्ष**: माननीय सदस्यगण, भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम ने 6 फरवरी, 2026 को ज़िम्बाब्वे के हरारे में आयोजित फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को पराजित कर अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप-2026 जीत कर देश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान भारत के युवा क्रिकेट खिलाड़ियों ने अद्भुत कौशल, दृढ़संकल्प, अनुशासन तथा टीम वर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनकी इस उपलब्धि से देश भर के युवाओं को उत्कृष्टता प्रदान करने की प्रेरणा मिली है। यह सभा भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम को विश्व कप जीतने पर बधाई देती है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देती है। इससे आने वाले समय में हमारे देश के युवा खिलाड़ियों को और प्रेरणा मिलेगी।

**…** (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: प्रश्न काल।

**…** (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: क्वेश्चन नम्बर 121

**…** (व्यवधान)

**(Q. 121)**

SHRI MALAIYARASAN D. (KALLAKURICHI): Question No. 121…. (*Interruptions*)

DR. SUKANTA MAJUMDAR: Sir, a statement is laid on the Table of the House. … (*Interruptions*)

**…** (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** मैं सभी माननीय सदस्यों को बोलने का अवसर दूंगा। यह सदन सभी को अपनी बात रखने का अवसर देगा। अभी प्रश्न काल के अंदर उनका प्रश्न है तो निश्चित रूप से अवसर देंगे।

**…** (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** यह प्रश्न काल है, प्रश्नकाल के बाद जब भी माननीय सदस्य चाहेंगे तब उनको बोलने का अवसर देंगे। हम बोलने का अवसर देंगे।

**…** (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** चाहे लीडर ऑफ अपोजिशन हो या माननीय सदस्य हो, हर माननीय सदस्य को पूर्ण रूप से बोलने के लिए अवसर दिया जाता है, हम अवसर देंगे, आप निश्चिंत रहें। आप बजट पर चर्चा करें, उस समय अपनी बात को रखें। मैंने कहा है कि पहले बजट पर चर्चा करें, आप क्यों सदन को बाधित कर रहे हैं?

**…** (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** जब बजट पर चर्चा हो उस समय अपनी बात को रखें, बजट पर चर्चा करते समय हम सभी को मौका देंगे, माननीय सदस्य सभी को अवसर मिलता है।

**…** (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: यह सदन आपका है, आपको हमेशा बोलने का अवसर मिला है। जो समय आवंटित होता है, उसमें आपको बोलने का अवसर मिलेगा, बजट पर आप अपनी बात रखना चाहते हैं तो रखें, मुझे कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन प्रश्न काल में केवल प्रश्न काल चलता है।

**…** (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: प्रश्न काल माननीय सदस्यों का समय होता है, मेरा आग्रह है कि आप सदन को बाधित नहीं करें। मैं आपको बोलने का पूरा अवसर दूंगा।

**…** (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: आप बजट पर चर्चा करें, मैं आपको बोलने का पूर्ण अवसर दूंगा। आपका जो समय आवंटित हैं, आपके प्रतिपक्ष के नेता बोलें या कोई और बोलें, यह आपको तय करना है। मुझे कोई आपत्ति नहीं है। यह सदन सभी माननीय सदस्यों के अपने विचार और अभिमत रखने के लिए है।

**…** (व्यवधान)

(pp. 3-30)

**माननीय अध्यक्ष**: यह सदन सभी के लिए है। सदन में विचारों की अभिव्यक्ति की जाती है। आप सदन के अंदर अपने विचारों को रखें। सहमति-असहमति, तर्क और संवाद इस संसद की हमेशा मर्यादा रही है, लेकिन सदन नियम और प्रक्रियाओं से चलता है।

**...** (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: प्रश्न काल के अंदर कभी किसी माननीय सदस्य को बोलने का अवसर नहीं मिलता है। प्रश्न काल में केवल प्रश्न काल का समय होता है, आप जीरो ऑवर या बजट भाषण के समय आपको निश्चित रूप से अपनी बात को रखने देंगे।

**...** (व्यवधान)

1104 बजे

(इस समय श्री इमरान मसूद, डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियन, सुश्री महुआ मोइत्रा और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

(1105/KDS/HDK)

**माननीय अध्यक्ष**: क्या आप सदन नहीं चलाना चाहते हैं? आप सदन को बाधित करना चाहते हैं। आपको यदि किसी विषय पर चर्चा करनी हो, बात-चीत करनी हो, तो निश्चित रूप से तर्क करेंगे, लेकिन सदन नियोजित तरीके से गतिरोध और नारेबाजी के लिए नहीं है।

**...** (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: आप चर्चा-संवाद करें, सहमति-असहमति दें, सार्थक चर्चा करें।

**...** (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: माननीय सदस्य, मैं आपसे पुन: आग्रह कर रहा हूं। सबको बोलने का अवसर है। नियम-प्रक्रिया से किसी भी माननीय सदस्य को बोलने से नहीं रोका जाता।

**...** (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: आप बजट पर बोलें, अन्य विषयों पर बोलें। सदन आपका है, लेकिन सदन में नियम-प्रक्रियाओं से बोला जाता है।

**...** (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: क्या आप प्रश्न-काल नहीं चलाने देना चाहते हैं? सदन की कार्यवाही आज 12 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

**...** (व्यवधान)

1106 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा बारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।

(1200/CS/PS)

1200 बजे

लोक सभा बारह बजे पुनः समवेत् हुई।

(श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी पीठासीन हुए)

... (व्यवधान)

**स्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं के बारे में विनिर्णय**

1200 बजे

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्यगण, माननीय अध्यक्ष को कई माननीय सदस्यों द्वारा कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। माननीय अध्यक्ष ने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है।

.....

... (व्यवधान)

**सभा पटल पर रखे गए पत्र**

**माननीय सभापति :** अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे।

आइटम नंबर 2, माननीय श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जी।

THE MINISTER OF CULTURE; AND MINISTER OF TOURISM (SHRI GAJENDRA SINGH SHEKHAWAT): Sir, with your permission, I rise to lay on the Table:-

(1) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Eastern Zonal Cultural Centre, Kolkata, for the year 2024-2025, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the Eastern Zonal Cultural Centre, Kolkata, for the year 2024-2025.

(2) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the National Council of Science Museums, Kolkata, for the year 2024-2025, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the National Council of Science Museums, Kolkata, for the year 2024-2025.

(3) Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (2) above.

(4) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the North Zone Cultural Centre, Patiala, for the year 2024-2025, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the North Zone Cultural Centre, Patiala, for the year 2024-2025.

(5) A copy each of the following Notifications (Hindi and English versions) under sub-section (6) of the Section 20E of the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains Act, 1958:-

(i) The National Monuments Authority Heritage Bye-Laws, 2025 of the Protected Monument "Saumyanatha Temple, Nandalur (now Nandalur Mandal), Rajampet, District – Cuddapah (now Annamayya), Andhra Pradesh."

(ii) The National Monuments Authority Heritage Bye-Laws, 2025 of the Protected Monument "Kailasanathaswami temple at Salabogam temple Poramboke S.No.18-B, District-Kanchipuram (Kancheepuram), Tamil Nadu."

(iii) The National Monuments Authority Heritage bye-laws, 2025 of the Protected Monument "Tomb of Sheikh Kabirud-Din also known as Rakabwala Gumbad in Field No. 84 min, situated at Sarai Shahji property of Thoks Shahpur and Adchini, Malviya Nagar, South Delhi, Delhi."

(iv) The National Monuments Authority Heritage Bye-laws, 2025 of the Protected Monument "Currency Building, Dahousie Square, District-Kolkata, West Bengal."

(v) The National Monuments Authority Heritage Bye-laws, 2025 of the Protected Monument "Metcalfe Hall, Strand Road, District-Kolkata, West Bengal."

(vi) The National Monuments Authority Heritage Bye-laws, 2025 of the Protected Monument "Vaikuntha Perumal Temple, together with adjacent land comprised in part of Survey plot No. 878/286, Uttiramerur, District-Kanchipuram, Tamil Nadu."

(vii) The National Monuments Authority Heritage Bye-laws, 2025 of the Protected Monument "Shahjahan Baoli, Field No. 4834, Area-1 bigha pace, Tehsil-Gohana, District-Rohtak, Meham, Haryana."

(viii) The National Monuments Authority Heritage Bye-laws, 2025 of the Protected Monument "The Residency Buildings and General Wali Kothi, Tehsil & District-Lucknow, Uttar Pradesh."

(ix) The National Monuments Authority Heritage Bye-laws, 2025 of the Protected Monument "Old fort, Lanji, District – Balaghat, Madhya Pradesh."

---

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY; MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF EARTH SCIENCES; MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE; MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS; MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY; AND MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF SPACE (DR. JITENDRA SINGH): Hon. Chairperson, Sir, with your kind permission, on behalf of my colleague, Shri Arjun Ram Meghwal ji, I rise to lay on the Table a copy of the Detailed Demands for Grants (Hindi and English versions) of the Ministry of Parliamentary Affairs for the year 2026-2027.

---

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT AND ENTREPRENEURSHIP; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EDUCATION (SHRI JAYANT CHAUDHARY): Sir, with your kind permission, I rise to lay on the Table a copy of the Detailed Demands for Grants (Hindi and English versions) of the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship for the year 2026-2027.

---

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी) :** महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ:-

(1) केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 166 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) :-

(एक) सा.का.नि. 565 (अ) जो दिनांक 20 अगस्त, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे जिनका आशय महाराष्ट्र के मुंबई (शहर), मुंबई (उप-नगरीय), थाणे, रायगढ़ और पालघर जिलों में पंजीकृत करदाताओं के लिए माह जुलाई, 2025 के लिए फॉर्म जीएसटीआर-3ख प्रस्तुत करने की नियत तिथि को 27 अगस्त, 2025 तक बढ़ाया जाना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) केन्द्रीय माल और सेवा कर (तीसरा संशोधन) नियम, 2018 जो दिनांक 17 सितंबर, 2025 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 672 में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तीन) का.आ. 4204 जो दिनांक 17 सितंबर, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसका आशय केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के अंतर्गत धारा 54 (6) के तहत उन व्यक्तियों, जिन्हें अनंतिम आधार पर प्रतिदाय की अनुमति नहीं दी जाएगी, की श्रेणी को अधिसूचित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चार) का.आ. 4205 जो दिनांक 17 सितंबर, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसका आशय 2 करोड़ रुपये से कम वार्षिक कारोबार करने वाले करदाताओं को वार्षिक विवरणी दाखिल करने से छूट देना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(पांच) का.आ. 4206 (अ) जो दिनांक 17 सितंबर, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा वित्त अधिनियम, 2025 की धारा 121 के खंड (दो), (तीन), धारा 122 से धारा 124 और धारा 126 से 134 के उपबंधों को लागू करने के लिए 1 अक्टूबर, 2025 की तिथि नियत की गई है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(छह) सा.का.नि. 765 (अ) जो दिनांक 18 अक्तूबर, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे जिसके द्वारा फॉर्म जीएसटीआर-3ख प्रस्तुत करने की नियत तिथि को बढ़ाया गया है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(सात) केन्द्रीय माल और सेवा कर (चौथा संशोधन) नियम, 2025 जो दिनांक 31 अक्टूबर, 2025 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 805(अ) में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन ।

(आठ) सा.का.नि. 949 (अ) जो दिनांक 31 दिसंबर, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसका आशय खुदरा बिक्री मूल्य के आधार पर मूल्यांकन के लिए सीजीएसटी अधिनियम की धारा 15 (5) के अंतर्गत आपूर्ति को अधिसूचित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(नौ) केन्द्रीय माल और सेवा कर (पांचवां संशोधन) नियम, 2025 जो दिनांक 31 दिसंबर, 2025 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 950(अ) में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(2) उपर्युक्त (1) के मद संख्या (एक) से (सात) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले चार विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 की धारा 19 की उप-धारा (4) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) बैंक ऑफ बड़ौदा अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) संशोधन विनियम, 2026 जो दिनांक 12 जनवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या फा.सं.बीसीसी:एचआरएम:118:09 में प्रकाशित हुए थे।

(दो) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) संशोधन विनियम, 2026 जो दिनांक 9 जनवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सीओ:ईआरडी:पीडी:110:2026 में प्रकाशित हुए थे।

(तीन) यूको बैंक अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) संशोधन विनियम, 2026 जो दिनांक 9 जनवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या ओडीएआर/1/2025-26(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(चार) पंजाब एंड सिंध बैंक अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) संशोधन विनियम, 2026 जो दिनांक 7 जनवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या पीएसबी/एचओ/एचआरडी/डीएसी/2025-26/01 में प्रकाशित हुए थे।

(पांच) पंजाब नेशनल बैंक अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) संशोधन विनियम, 2026 जो दिनांक 8 जनवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या फा.सं. पीएनबी/एचआरडी/डीएसी/डीएंडए/2025-26 में प्रकाशित हुए थे।

(छह) इंडियन ओवरसीज बैंक अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) संशोधन विनियम, 2026 जो दिनांक 15 जनवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या फा.सं. एचआर-आईआर/184/01/2026(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(सात) भारतीय बैंक अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) संशोधन विनियम, 2026 जो दिनांक 12 जनवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एचआरएल/524/2025-2026 में प्रकाशित हुए थे।

(आठ) सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) संशोधन विनियम, 2026 जो दिनांक 12 जनवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या फा.सं.सीओ/एचसीएम/डीएडी/2025-26/566(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(नौ) केनरा बैंक अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) संशोधन विनियम, 2026 जो दिनांक 12 जनवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या फा.सं.एचआरएंडपीआरडब्ल्यू आईआरवी आईआरएंडपीएस पीपी 18 2026(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(दस) बैंक ऑफ महाराष्ट्र अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) संशोधन विनियम, 2026 जो दिनांक 12 जनवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एएक्सआई/एसटी/डीएम/01/2025-26 में प्रकाशित हुए थे।

(ग्यारह) बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) संशोधन विनियम, 2026 जो दिनांक 20 जनवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना फा.सं.एचओ:एचआर:आईएल:25-26:982(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(4) सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 की धारा 25 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सिक्का निर्माण (भारत सुरक्षा मुद्रणालय, नासिक के शताब्दी वर्ष के अवसर पर स्मारक सिक्का जारी करना) नियम, 2025 जो दिनांक 15 दिसंबर, 2025 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि.897(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(दो) सिक्का निर्माण (चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के हीरक जयंती समारोह (साठ वर्ष) के अवसर पर स्मारक सिक्का जारी करना) नियम, 2026 जो दिनांक 16 जनवरी , 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि.40(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(5) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 की धारा 31 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2025 जो दिनांक 1 दिसंबर, 2025 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सेबी/एलएडी-एनआरओ/जीएन/2025/279 में प्रकाशित हुए थे।

(दो) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (विदेशी उद्यम पूंजी निवेशक) (संशोधन) विनियम, 2025 जो दिनांक 1 दिसंबर, 2025 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सेबी/एलएडी-एनआरओ/जीएन/2025/280 प्रकाशित हुए थे।

(तीन) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक) (संशोधन) विनियम, 2025 जो दिनांक 11 अगस्त, 2025 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सेबी/एलएडी-एनआरओ/जीएन/2025/254 में प्रकाशित हुए थे।

(चार) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ और स्वेट इक्विटी) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2025 जो दिनांक 3 दिसंबर, 2025 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या फा.सं.सेबी /एलएडी-एनआरओ/जीएन/2025/284 में प्रकाशित हुए थे।

(पांच) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मध्यस्थ) (तीसरा संशोधन) विनियम, 2025 जो दिनांक 3 दिसंबर, 2025 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या फा.सं.सेबी /एलएडी-एनआरओ/जीएन/2025/285 में प्रकाशित हुए थे।

(छह) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (स्टॉक ब्रोकर) विनियम, 2026 जो दिनांक 7 जनवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सेबी/एलएडी-एनआरओ/जीएन/2026/291 में प्रकाशित हुए थे।

(6) उपर्युक्त (5) के मद संख्या (चार) से (पांच) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले दो विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(7) संविधान के अनुच्छेद 309 के अंतर्गत माल और सेवा कर अपीलीय अधिकरण (समूह 'ग' कर्मचारियों की भर्ती, वेतन एवं सेवा की अन्य शर्तें और निबंधन) संशोधन नियम, 2025 जो दिनांक 24 दिसंबर, 2025 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या

सा.का.नि.918(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(8) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 38 की उपधारा (2) के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का.नि.91(अ) जो दिनांक 1 फरवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा दिनांक 31 दिसंबर, 2025 की अधिसूचना संख्या 03/2025-केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) चबाने वाले तंबाकू, जर्दा सुगंधित तंबाकू और गुटखा पैकिंग मशीन (क्षमता निर्धारण और शुल्क संग्रह) संशोधन नियम, 2026 जो दिनांक 31 जनवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 79(अ) में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तीन) सा.का.नि.85(अ) जो दिनांक 1 फरवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसका आशय चबाने वाले तंबाकू, जर्दा सुगंधित तंबाकू और अन्य तंबाकू उत्पादों पर एनसीसीडी की प्रभावी दरें निर्धारित करने की मांग करना है।

(चार) सा.का.नि. 86(अ) जो दिनांक 1 फरवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसका आशय (i) मिश्रित सीएनजी में निहित बायोगैस/संपीड़ित बायोगैस की मात्रा को, उस पर भुगतान किए गए उचित जीएसटी सहित, ऐसी मिश्रित सीएनजी पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क की गणना के उद्देश्य से ऐसी मिश्रित सीएनजी के मूल्य से छूट देने और (ii) अमिश्रित डीजल पर 2 रुपये प्रति लीटर के अतिरिक्त शुल्क के कार्यान्वयन को 31 मार्च, 2028 तक स्थगित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन में ।

(पांच) सा.का.नि.87(अ) जो दिनांक 1 फरवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसका आशय दिनांक 1 फरवरी, 2023 की अधिसूचना संख्या 5/2023-केंद्रीय उत्पाद शुल्क को निरस्त करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(9) सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 159 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का.नि. 82 (अ) जो दिनांक 1 फरवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय, उसमें उल्लिखित, सात अधिसूचनाओं में संशोधन करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन ।

(दो) सा.का.नि. 83(अ) जो दिनांक 1 फरवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा दिनांक 24 अक्टूबर, 2025 की अधिसूचना संख्या 45/2025-सीमा शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तीन) सा.का.नि. 82(अ) जो दिनांक 1 फरवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय दिनांक 2 फरवरी, 2018 की अधिसूचना संख्या 11/2018-सीमाशुल्क और दिनांक 1 फरवरी, 2021 की अधिसूचना संख्या 11/2021-सीमाशुल्क में और संशोधन करना तथा कतिपय वस्तुओं पर लागू सामाजिक कल्याण अधिभार (एसडब्ल्यूएस) और कृषि बुनियादी ढांचा विकास उपकर (एआईडीसी) को संशोधित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चार) सीमाशुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क ड्राबैक (संशोधन) नियम, 2026 जो दिनांक 15 जनवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि.32(अ) में प्रकाशित हुए थे, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(पांच) सा.का.नि. 33(अ) जो दिनांक 15 जनवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा दिनांक 1 अप्रैल, 2023 की अधिसूचना संख्या 24/2023-सीमाशुल्क (एन.टी.) में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(छह) सा.का.नि.34 (अ) जो दिनांक 15 जनवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा दिनांक 1 अप्रैल, 2023 की अधिसूचना संख्या 25/2023-सीमाशुल्क (एन.टी.) में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(10) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 की धारा 48 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गारंटी) विनियम, 2026 जो दिनांक 7 जनवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या फा.सं. फेमा 8(आर)/2026-आरबी में प्रकाशित हुए थे।

(दो) विदेशी मुद्रा प्रबंधन (वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात और आयात) विनियम, 2026 जो दिनांक 13 जनवरी, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या फेमा 23 (आर)/2026-आरबी में प्रकाशित हुए थे।

(तीन) विदेशी मुद्रा प्रबंधन (मुद्रा का निर्यात और आयात) (संशोधन) विनियम, 2025 जो दिनांक 28 नवंबर, 2025 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या फेमा 6(R)/(4)/2025- आरबी में प्रकाशित हुए थे।

(चार) विदेशी मुद्रा प्रबंधन (ऋण लिखत) (चौथा संशोधन) विनियम, 2025 जो दिनांक 30 सितंबर, 2025 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या फेमा/396(4)/2025-आरबी में प्रकाशित हुए थे।

(11) न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एनआईएसीएल) के वर्ष 2024-2025 के वार्षिक प्रतिवेदन[1] के पृष्ठ संख्या 174 और 175 में सुधार की एक प्रति (हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण)।

(12) निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) वित्त मंत्रालय की वर्ष 2026-2027 के लिए अनुदानों की विस्तृत मांगें।

(दो) वित्त मंत्रालय की वर्ष 2026-2027 की निर्गत परिणामी अनुश्रवण रूपरेखा।

.....

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा श्रम और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी शोभा कारान्दलाजे) :** महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखती हूँ:-

(1) औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 1 की उपधारा (3) के अंतर्गत जारी अधिसूचना संख्या का.आ.5320(अ) जो 21 नवम्बर, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा 21 नवम्बर, 2025 को उक्त संहिता के लागू होने की तिथि निर्धारित की गई है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 103 के अंतर्गत औद्योगिक संबंध संहिता (कठिनाइयों का निवारण) आदेश, 2025 जो दिनांक 8 दिसंबर, 2025 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.आ.5683(अ) में प्रकाशित हुआ था, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) ।

(3) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 40 की उप-धारा (3) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण): -

(एक) सा.का.नि. 5792(अ) जो दिनांक 15 दिसंबर, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा सीसा और जस्ता खनन उद्योग में कार्यरत सेवाओं को 17 दिसंबर, 2025 से छह महीने की अवधि के लिए सार्वजनिक उपयोगिता सेवा घोषित किया गया है।

---

[1] वार्षिक प्रतिवेदन और लेखापरीक्षित लेखे 15 दिसम्बर, 2025 को सभा पटल पर रखे गए

(दो) सा.का.नि. 5795(अ) जो दिनांक 15 दिसंबर, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा परमाणु ईंधन और घटकों, भारी जल और संबद्ध रसायनों और परमाणु ऊर्जा के विनिर्माण या उत्पादन में लगे औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत सेवाओं को औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के प्रयोजनों के लिए 28 दिसंबर, 2025 से छह महीने की अतिरिक्त अवधि के लिए सार्वजनिक उपयोगिता सेवा घोषित किया गया है।

(तीन) सा.का.नि. 5794(अ) जो दिनांक 15 दिसंबर, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा बैंकिंग उद्योग में कार्यरत सेवाओं को औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के प्रयोजनों के लिए 15 दिसंबर, 2025 से छह महीने की अतिरिक्त अवधि के लिए सार्वजनिक उपयोगिता सेवा के रूप में अधिसूचित किया गया है।

(4) कर्मचारी राज्य बीमा निगम, नई दिल्ली के वर्ष 2026-2027 के लिए वित्तीय अनुमान और निष्पादन बजट (हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति।

.....

**माननीय सभापति :** आइटम नंबर 8, श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे जी।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS (SHRIMATI RAKSHA NIKHIL KHADSE): Hon. Chairperson, Sir, with your kind permission, I rise to lay on the Table:

(1) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the National Dope Testing Laboratory, New Delhi, for the year 2024-2025, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the National Dope Testing Laboratory, New Delhi, for the year 2024-2025.

(2) Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (1) above.

---

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EDUCATION; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEVELOPMENT OF NORTH EASTERN REGION (DR. SUKANTA MAJUMDAR): Hon. Chairperson, Sir, with your kind permission, I rise to lay on the Table:-

(1) A copy of the Delhi University (Amendment) Statutes, 2023 (Hindi and English version) published in Notification No. F.No.4-1/2023-CU.II in Gazette of India dated 19th October, 2023 under sub-section (5) of Section 32 of the Delhi University Act, 1922.

(2) Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (1) above.

---

**कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हर्ष मल्होत्रा) :** महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ:-

(1) निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) कारपोरेट कार्य मंत्रालय के वर्ष 2026-2027 के अनुदानों की विस्तृत मांगें (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) कारपोरेट कार्य मंत्रालय की वर्ष 2026-2027 की निर्गत परिणामी अनुश्रवण रूपरेखा (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 469 की उपधारा (4) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) कंपनी (परिभाषा विवरणों का विनिर्देशन) संशोधन नियम, 2025 जो दिनांक 1 दिसम्बर, 2025 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 880(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(दो) कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और अर्हता) संशोधन नियम, 2025 जो दिनांक 31 दिसम्बर, 2025 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 943(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(तीन) कंपनी (कंपनियों के नाम कंपनी रजिस्टर से हटाना) संशोधन नियम, 2025 जो दिनांक 31 दिसम्बर, 2025 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 940(अ) में प्रकाशित हुए थे।

.....

**नियम 377 के अधीन मामले – सभा पटल पर रखे गए**

1203 बजे

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्यगण, जिन माननीय सदस्यों को नियम 377 के अधीन मामलों को आज उठाने की अनुमति दी गई है और जो उन्हें सभा पटल पर रखने के इच्छुक हैं, वे 20 मिनट के भीतर मामले का अनुमोदित पाठ व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर प्रस्तुत कर दें। केवल उन्हीं मामलों को सभा पटल पर रखा माना जायेगा, जिनके लिए मामले का पाठ निर्धारित समय के भीतर सभा पटल पर प्राप्त हो गया है। शेष को व्यपगत माना जायेगा।

.....

… (व्यवधान)

**Re: Need to expedite approval and execution of proposed Banspani-Barbil railway line project in Keonjhar Parliamentary Constituency**

SHRI ANANTA NAYAK (KEONJHAR): Joda Banspani railway station is an important railhead located on the Padapahar Junction–Jakhapura section of Indian Railways, and regular trains such as the Barbil–Puri Express pass through this station. However, despite close geographic proximity, there is no direct rail connectivity between Banspani (Joda region) and Barbil station at present. Passengers travelling between these two important locations are compelled to take a long detour via Danguapasi section in Jharkhand, which adds approximately 60–70 km of extra distance, resulting in avoidable delay, inconvenience, and higher travel cost. This circuitous routing also limits the efficiency of passenger movement and mineral transportation in the region. In view of the above, a new Banspani–Barbil railway line (approx. 17 km) has been proposed and included in the principal project list of Indian Railways through Odisha Rail Infrastructure Development Ltd. (ORIDL). Early approval and execution of this project will significantly improve regional connectivity, passenger convenience, and economic development of the Joda–Barbil mining belt.

(ends)

## Re: Need to formulate an employment scheme for urban areas on the lines of MGNREGS

**श्री गणेश सिंह (सतना) :** शहरी क्षेत्रों में युवाओं को सशक्त बनाने के लिए रोजगार के नए अवसरों का सृजन अत्यंत आवश्यक है। मई 2025 में जारी नवीनतम PLFS के अनुसार, भारत के शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 17.9% रही है। यह पूर्ववर्ती अवधियों की तुलना में कमी को दर्शाती है, किंतु स्पष्ट करती है कि शहरी युवाओं, विशेषकर असंगठित एवं अकुशल वर्ग के लिए पर्याप्त और सुरक्षित रोजगार अवसर अभी भी सीमित हैं। इस संदर्भ में राजस्थान सरकार द्वारा प्रारंभ की गई "मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना एक उल्लेखनीय पहल है। 18 से 60 वर्ष की आयु के शहरी निवासियों को प्रति वर्ष 100 दिन का गारंटीशुदा, श्रम-आधारित रोजगार प्रदान करती है। पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन, सार्वजनिक संपत्तियों का रख-रखाव, निर्माण से जुड़े कन्वर्जेन्स कार्य तथा सेवा-आधारित गतिविधियों शामिल है। यह योजना शहरी गरीबों को न केवल आय का स्रोत उपलब्ध कराती है, बल्कि उन्हें सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान करती है तथा शहरों के सतत विकास में योगदान देती है। अतः यह आवश्यक है कि केंद्र सरकार इस मॉडल का अध्ययन कर, मनरेगा की तर्ज पर एक राष्ट्रीय शहरी रोजगार गारंटी योजना पर विचार करे, जिससे बेरोजगारी को कम कर गरिमामय और संरचित रोजगार सुनिश्चित किया जा सके।

(इति)

## Re: Need to start excavation work in the closed Dolomite mines in Chhota Udaipur Parliamentary Constituency

**श्री जशुभाई भिलुभाई राठवा (छोटा उदयपुर) :** मैं गुजरात राज्य के अपने संसदीय क्षेत्र छोटा उदयपुर की एक अत्यंत गंभीर एवं जनजीवन से जुड़ी समस्या की ओर माननीय सदन तथा केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। छोटा उदयपुर जिला एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जहाँ डोलोमाइट की खदानें ही प्रमुख औद्योगिक गतिविधि का आधार रही हैं। इन खदानों पर स्थानीय आदिवासी समुदाय की आजीविका प्रत्यक्ष रूप से निर्भर है। डोलोमाइट पाउडर निर्माण से जुड़ी 100 से अधिक फैक्ट्रियाँ यहाँ कार्यरत थीं, जिनके माध्यम से हजारों श्रमिकों को नियमित रोज़गार प्राप्त होता था। इन खदानों से प्रतिदिन लगभग 300 स्थानीय ट्रकों द्वारा गुजरात सहित देश के विभिन्न राज्यों में कच्चे माल की आपूर्ति की जाती थी। वर्तमान में डोलोमाइट खदानों के बंद होने के कारण इस उद्योग से जुड़े 15,000 से अधिक श्रमिक बेरोज़गार हो चुके हैं। में केंद्र सरकार से विनम्र अनुरोध करता हूँ कि सभी आवश्यक वैधानिक एवं पर्यावरणीय प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण कर डोलोमाइट खदानों को पुनः प्रारंभ किया जाए, ताकि प्रभावित श्रमिकों को पुनः रोज़गार मिल सके और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियाँ फिर से सुचारु रूप से चल सकें।

(इति)

## Re: Need to develop 'Energy Self Reliant' Villages in Jabalpur Parliamentary Constituency

**श्री आशीष दुबे (जबलपुर) :** भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का अभिसरण करते हुए जबलपुर क्षेत्र में ऊर्जा स्वावलंबी ग्राम विकसित किए जाएँ। जिसमे सौर ऊर्जा, बायो गैस एकीकृत रूप से अपनाकर ग्रामों को आत्मनिर्भरता के आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। इसमें प्रत्येक घर सौर ऊर्जा से संचालित हो, जो पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत छत्तों पर सौर ऊर्जा, प्रत्येक ग्राम में केंद्रीयकृत बायो गैस संयंत्र स्थापित हो तथा प्रत्येक रसोई घर तक गैस की अपूर्ति सुनिश्चित हो। इसके तहत प्रत्येक परिवार को एक इलेक्ट्रिक स्कूटर, प्रत्येक ग्राम पंचायत को ई-रिक्शा उपलब्ध कराया जाना चाहिए जिससे स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीण युवकों को सौर, बायो गैस उपकरणों का रखरखाब व सुधार में प्रशिक्षित कर स्पेयर पार्ट्स युक्त कार्यशाला की स्थापना हो, जिससे स्थानीय रोजगार मिल सके। सामुदायिक सहभागित्ता और उत्तर दायित्व को प्रोत्साहित करने के लिए ऊर्जा स्वावलंबी ग्रामों के लिए वार्षिक पुरस्कारों की व्यवस्था हो। अतः भारत सरकार से आग्रह है कि नवीकरणीय ऊर्जा एवं ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं का अभिसरण करते हुए ऊर्जा स्वावलंबी ग्राम मॉडल को अपनाकर आत्मनिर्भर, पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से सतत तथा आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में आगे बढ़ सकें।

(इति)

## Re: Need to make the provision to bring back the mortal remains of the deceased workers to their home State under Ayushman Bharat Scheme

**डॉ. राजेश मिश्रा (सीधी) :** मैं सदन के माध्यम से माननीय स्वास्थ मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र सीधी के हजारों लोग अपने रोजी रोटी के लिए गुजरात, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, आँध्रप्रदेश, तेलंगाना, दिल्ली सहित विभिन्न प्रदेशों में काम करने जाते हैं हैं परन्तु ईश्वर न करे जब वहां उनकी मृत्यु हो जाती है तो उनका पार्थिव शरीर गृह स्थान लाने के लिए अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, बहुत ज्यादा अर्थ भी खर्च होता है, ऐसी दुःख की परिस्थिति में उनका परिवार यह खर्च वहां करने की स्थिति में नहीं होता है! माननीय प्रधानमंत्री जी की अति महत्वाकांक्षी योजना "आयुष्मान भारत" देश के करोड़ों लोगों के स्वास्थ उपचार हेतु वरदान सिद्ध हो रही है, जिसके अंतर्गत 5 लाख तक का उपचार वर्ष भर में मुफ्त होता है। मैं सदन के माध्यम से माननीय स्वास्थ मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि इस हेतु कोई योजना बनाई जाय अथवा आयुष्मान भारत योजना में ही इसे भी सम्मिलित किया जाय ताकि श्रमिकों का पार्थिव शरीर सम्मान सहित उनके घर तक पहुंचाया जा सके।

(इति)

**Re: Need for creation of 'Sanitation Champion' posts under Viksit Bharat-Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin)**

SHRI ANUP SANJAY DHOTRE (AKOLA): Sir, I would like to bring to your notice that under the Swachh Bharat Mission (Gramin), important infrastructure such as bell carts for waste collection, waste segregation facilities, and compost pits have been created in Gram Panchayats across the country. However, due to inadequate manpower, many of these facilities are not fully operational, thereby affecting the effectiveness of rural sanitation efforts. In this context, is the Government considering the creation of a “Sanitation Champion” post — individuals, often community leaders , recognized for driving significant improvements in hygiene, waste management, and toilet access — for every 500 people under the Viksit Bharat–Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) Scheme and what steps does the Government propose to take to ensure that this initiative not only strengthens the implementation of Swachh Bharat Mission (Gramin) but also generates meaningful employment opportunities in rural areas.

(ends)

**Re: Need to expedite operationalization of AIIMS Satellite Centre at Balasore in Odisha**

SHRI PRATAP CHANDRA SARANGI (BALASORE): I rise to draw the attention of the House to a matter of urgent public importance concerning healthcare delivery in Northern Odisha and adjoining districts of West Bengal and Jharkhand. Despite various efforts and repeated assurances from the Ministry of Health & Family Welfare, Government of India, and the corresponding State Health & Family Welfare, Department of Odisha, the much touted AIIMS Satellite Centre at Balasore remains non-operational in its full capacity for several years. This delay has deeply affected the expectations of lakhs of people who depend on an affordable, accessible, tertiary-care institution in this region. Balasore exposed frequent cyclones floods and climate-linked health risks. Yet, due to the lack of fully functional emergency, super-specialty and inpatient services, patients are compelled to travel long distances to Bhubaneswar or Kolkata for advanced treatment, often at unbearable cost and delay. To fully realise the purpose of this institution, the remaining components such as specialist services inpatient wards, diagnostics, emergency and trauma care, need to be made operational at the earliest. I therefore urge the Government to take a holistic time-bound approach and direct the concerned Central and State ministries to immediately complete all remaining formalities, deploy sanctioned staff, and operationalise AIIMS Balasore in full strength. A firm date for its inauguration must be fixed without further delay. With strong broadband and telecommunication networks already in place, this centre is well-positioned to act as a medical hub for tele-consultation and digital health services across PHCs and district hospitals in Northern Odisha.

(ends)

**Re: Need to address the problems being faced by Tuberculosis (TB) patients and restart the movement to eradicate TB completely in the country**

SHRIMATI ANITA SUBHADARSHINI (ASKA): Pradhan Mantri TB Mukt Bharat Abhijan is Hon'ble Prime Minister's most ambitious and successful health mission. The core idea is to turn this fight against TB into a people's movement. Major role played by Nikshay Mitra (individuals, NGO's, companies etc…) The TB patients get minimum of 6 months to 12 months nutritional food and other support. Challenge was to break the stigma in the society. My humble request to the Government of India for financial assistance to all district level units to follow the test again and get the exact repost or status of TB patients. The concern is because of stigma and discontinuation of medicines TB is occurring again. If we can run the campaign again as Sampurna TB Mukta Bharat then we will be able to eradicate TB completely from the society.

(ends)

**Re: Need to include Jalgaon in Maharashtra in City Economic Regions and also implement Sponge city Pilot Project in the city**

**श्रीमती स्मिता उदय वाघ (जलगांव) :** केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित City Economic Region (CER) Programme के संदर्भ में अपने संसदीय क्षेत्र जलगांव से जुड़ा एक महत्वपूर्ण विषय निवेदनपूर्वक प्रस्तुत करना चाहती हूँ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य टियर-11 एवं टियर-III शहरों को देश के भावी आर्थिक विकास के सशक्त केंद्रों के रूप में विकसित करना है। जलगांव अपनी कृषि-आधारित औद्योगिक संरचना, सशक्त MSME नेटवर्क तथा अनुकूल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के कारण CER की परिकल्पना के पूर्णतः अनुरूप है। यदि जलगांव को ₹5,000 करोड़ के CER Programme के आगामी चरण में Challenge Mode के अंतर्गत सम्मिलित किया जाता है, तो एकीकृत एग्रो-इंडस्ट्रियल गतिविधियों को संगठित्त विस्तार मिलेगा। फाइबर ग्रेडिंग केंद्रों, खाद्य तेल परीक्षण प्रयोगशालाओं तथा साझा औद्योगिक अवसंरचना से स्थानीय MSMES की उत्पादकता एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता सुदृढ़ होगी। साथ ही, Corporate Mitras की अवधारणा के अनुरूप Professional Services Hub से डिजिटल लेखांकन एवं GST अनुपालन में उद्यमों को प्रभावी सहयोग प्राप्त होगा। बजट में जलवायु अनुकूल अवसंरचना पर दिए गए बल के अनुरूप जलगांव में Sponge City Pilot Project से वर्षा-जल प्रबंधन, बाढ़ नियंत्रण एवं भू-जल पुनर्भरण को मजबूती मिलेगी। जलगांव City Economic Region के सभी मानकों को पूर्ण करता है, अतः इस प्रस्ताव पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाना जनहित में होगा।

(इति)

**Re: Need to declare Sonewani region in Balaghat in Madhya Pradesh as a Conservation Reserve**

